an>

Title: Regarding delay in opening of Adampur Airport in Punjab

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा जालंधर संसदीय क्षेत्र पंजाब के दोआबा रीज़न में पड़ता है। जालंधर से बहुत भारी संख्या में लोग विदेशों में रहते हैं। यह एक बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल बेस है, मीडिया सैंटर है। इस क्षेत्र के 45 परसेंट लोग गुरू रविदास जी के फॉलोअर्स हैं और रविदासिया नाम से ताल्लुक रखते हैं। इन लोगों की लंबे अर्से से मांग रही है कि जालंधर के दाओबा-आदमपुर में एयरपोर्ट दिया जाये।

अध्यक्ष महोदया, मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारी इस मांग पर सहमति प्रकट की और वहां एयरपोर्ट बनाने का फैसला किया। वहां टर्मिनल पूरा तैयार हो चुका है। इसके साथ जो सड़कें हैं, जो एप्रोचिंग रोड्स वगैरह हैं, उन पर पंजाब सरकार ने करीब 16 करोड़ 80 लाख रुपये के करीब पैसे खर्च किये हैं। इसके साथ-साथ जब मैं इस एयरपोर्ट का नाम गुरू रविदास जी के नाम पर रखने के लिए मंत्री जी से मिला, तो इन्होंने कहा कि पंजाब विधान सभा और पंजाब सरकार की तरफ से रिक्वैस्ट होनी चाहिए। पंजाब विधान सभा ने यूनेनीमस रेज़ोलूशन भी पास किया है कि इस एयरपोर्ट का नाम गुरू रविदास के नाम पर रखा जाये। मेरी यह विनती है कि दो-तीन डेट्स एनाउंस हुईं कि फ्लाइट्स 16 सितम्बर को शुरू होंगी, फिर 26 सितम्बर को होंगी, फिर 1 नवम्बर को शुरू होंगी। लेकिन अभी तक वहां से फ्लाइट शुरू नहीं हुई है।

मेरा आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द आदमपुर से फ्लाइट्स शुरू की जाएं और एयरपोर्ट का नाम गुरू रविदास जी के नाम पर रखा जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं कुँवर पुपेद्र सिंह चन्देल को श्री संतोख सिंह चौधरी द्वारा उठाये गये विऐय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

राजीव सातव जी, आप फिर वही विऐय बोल रहे हैं। वहां सब कुछ हो चुका है। If you want, I am not objecting to it. But take care of it, please.